कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.03.2023

थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त रोहित यादव गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-92/2023 धारा 376/504/506/507 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त रोहित यादव पुत्र सन्तोष यादव निवासी नुरुद्दीनपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को चन्द्रा चौराहा थाना सारनाथ से आज दिनांक-15.03.2023 को समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-02.03.2023 को वादिनी/पीड़िता ने अभियुक्त रोहित यादव के द्वारा वादिनी के साथ धमकी देकर गलत कार्य करने,जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी देने तथा अक्सर गाली-गलौज करने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0 92/2023 धारा 376/504/506/507 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रोहित यादव पुत्र सन्तोष यादव निवासी नुरुद्दीनपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर, उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.स0पु0अ0 ज्ञान प्रकाश राय सर्किल सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
2.उ0नि0 अजितेश चौधरी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
3.हे0का0 रंजीत द्विवेदी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी